## 4). राजनीतिक स्वतंत्रता (Liberty in political)

राज्य के कार्यों व राजनीतिक व्यवस्था में हिस्सेदारी का नाम राजनीतिक स्वतंत्रता है। गिलक्राइस्ट इसे लोकतंत्र का दूसरा नाम बताते हैं। यह वह स्वतंत्रता है जिसमें प्रत्येक नागरिक को मतदान करने, चुनाव में हिस्सा लेने एवं सार्वजनिक पदों पर नियुक्ति पाने का अधिकार है। लास्की के अनुसार " राज्य के कार्यों में सक्रिय भाग लेने की शक्ति ही राजनीतिक स्वतंत्रता है।" राजनीतिक स्वतंत्रता के अंतर्गत व्यक्ति को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त होते हैं -

1) मतदान का अधिकार ।
2) निर्वाचित होने का अधिकार ।
3) सरकार के कार्यों का आलोचना का अधिकार ।
4) सार्वजनिक पद प्राप्त करने का अधिकार ।

## 5). आर्थिक स्वतंत्रता (Economic liberty)

लास्की के अनुसार " आर्थिक स्वतन्त्रता का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जीविका कमाने की समुचित सुरक्षा तथा सुविधा प्राप्त हो। व्यक्ति को बेरोजगारी और अपर्याप्तता के निरंतर भय से मुक्त रखा जाना चाहिए जो कि अन्य किसी भी अपर्याप्तता की अपेक्षा व्यक्तित्व की समस्त शक्ति को बहुत अधिक आघात पहुंचाती है। व्यक्ति को कल की आवश्यकताओं से मुक्त रखा जाना चाहिए।"

## 6). धार्मिक स्वतंत्रता (Religious liberty)

इसका संबंध अंतकरण से है। यह व्यक्ति को किसी भी धर्म को मानने आस्था व आचरण की छूट देता है। इस स्वतंत्रता में धर्म के संस्कार, रीति रिवाज पूजा के तरीके, संस्थाओं के गठन व धर्म के प्रचार की आजादी देता है। धर्म के नाम पर कानून व्यवस्था भंग करना या बलात धर्म परिवर्तन करने की अनुमति इस स्वतंत्रता में

SBS College

Scanned with CamScanner